भाजपा के शक्ति केंद्रों में एकत्रित होकर सुनी मन की बात, बूथ अध्यक्षों का किया अभिनंदन

मंडला, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के तहत जिले के शक्ति केंद्रों में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी और 945 बूथों पर भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन करते हुए उन्हें पदभार ग्रहण कराया गया।

जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उयके जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी सहित जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष गण सहित अन्य पदाधिकारी शक्ति केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सभी ने सुना तथा नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन कर बूथ की टीम का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर निवास विधान सभा के बबलिया मंडल के शक्ति केंद्र के कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा भारतीय जनता पार्टी संगठन का मूल उद्देश्य भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण बूथ इकाई को मजबूत करना तथा उसकी टीम को भारतीय जनता पार्टी के होने वाले सभी कार्यक्रमों में सीधे तौर से जोड़ना तथा संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के संगठन को विस्तार देने का कार्य करने के लिए सक्षम बनाना भाजपा की टीम का मूल काम है। बूथ जीता चुनाव जीता इस मूल मंत्र को आगे और अधिक मजबूत बनाकर कार्य करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की अपनी एक रणनीति है, जिसे हम निरंतर आगे बढ़ाएंगे इस रणनीति में मंडल के शक्ति केंद्र बूथ समिति सबसे महत्वपूर्ण कार्य करने वाली इकाई रहेगी।

मंडला नगर शक्ति केंद्र में कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जिले के सभी मंडलों की शक्ति केदो में बूथ समिति का गठन निष्पक्ष रूप से समय सीमा में किया गया उन्होंने नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे बूथ समिति का संगठन सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनकर संगठन के विस्तार व समाज के हित ओर विकास के लिए काम करे ऐसी अपेक्षा है।भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों का गर्व जोशी के साथ स्वागत किया।

उन्होंने कहा बूथ समिति के अध्यक्षों का अभिनंदन करते हुए जिला भाजपा की पूरी टीम गौरवान्वित है, क्योंकि बूथ समिति भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार है, आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार में बूथ समितियां की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। प्रदेश संगठन की मंशा है कि मंडलों की तरह अब हम बूथ इकाई सशक्त करेंगे। श्री द्विवेदी ने संगठन पर्व पर प्राथमिक सदस्य सक्रिय सदस्य बूथ समिति के गठन में लगे सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

फिर लग रही है बीच रोड में सब्जी दुकान

मंडला, देशबन्धु। नारायणगंज जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत बस स्टैंड से मुख्य मार्ग में बीच रोड में सब्जी की दुकान है लग रही हैं विगत दिनों 181 लगाने के बाद भी शासन प्रशासन का ध्यान इस और नहीं जा रहा है पालतू जानवर से आए दिन हादसे हो रहे हैं जिसमें आम नागरिको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है पंचायत द्वारा बार-बार सब्जी ठेले वालों को नोटिस एवं मौखिक बोल रही है परंतु सब्जी वालों की गुंडागर्दी के कारण शासन प्रशासन भी नतमस्तक हो गई है लगातार समाचार प्रकाशित होने के बाद भी सब्जी वाले बीच रोड में अपने ठेले लगाकर बेच रहे हैं एवं कुछ ठेले वाले बस स्टैंड एवं जनपद जाने वाले रास्ते में भी लग रहे हैं। लोगों ने जिला कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी से अपेक्षा की है कि इन सब्जी ठेले वालों के ऊपर सख्त कार्रवाई करें जिससे होने वाली दुर्घटनाएं से बचा जा सके

विवाद के बाद चालक ने स्टेट हाईवे पर खड़ा कर दिया ट्रक, लगा जाम

दमोह, देशबन्धु। जिले के देहात थाना क्षेत्र के दमोह-सागर स्टेट हाईवे पर शनिवार दोपहर दो ट्रक चालकों के बीच विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। इसके बाद एक ट्रक चालक ने दूसरे की चाबी निकाल ली और फरार हो गया। गुस्साए घायल ट्रक चालक ने ट्रक बीच सड़क पर खड़ा कर दिया, जिससे हाईवे पर जाम लग गया। सागर निवासी ट्रक चालक रवि शंकर यादव ने बताया कि वह माल भरकर सागर से दमोह जा रहा था।

कोरासा गांव के पास दूसरे ट्रक चालक के साथ विवाद हो गया। इसके बाद, दूसरे ट्रक में सवार लोगों और बाइक सवारों ने रवि के साथ मारपीट की। मारपीट में रवि घायल हो गया, और हमलावर उसकी ट्रक की चाबी भी निकालकर ले गए। आक्रोशित रवि ने घायल अवस्था में अपना ट्रक बीच सड़क पर खड़ा कर दिया। इसके कारण हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, और यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सागर नाका चौकी प्रभारी निवेश जैन मौके पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले ट्रक को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया और यातायात सुचारु कराया। चौकी प्रभारी निवेश जैन ने बताया कि रवि यादव की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है, और अज्ञात ट्रक चालक व अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। सड़क पर जाम के कारण वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

सार-समाचार

14 सौ किलो पॉलीथिन जब्त

दमोह, देशबन्धु। शहर में प्रतिबंध के बावजूद अमानक पॉलीथिन बेची जा रही है। इसे लेकर नगर पालिका ने पहली बार बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान टीम ने मागंज स्कूल के पास एक गोदाम से 1400 किलो पॉलीथिन जब्त की और संबंधित व्यापारी पर 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इतनी बड़ी राशि का जुर्माना लगाए जाने की यह पहली कार्रवाई है, जिससे हड़कंप मच गया। शनिवार को नगर पालिका की टीम ने कचौरा बाजार स्थित एक दुकान पर छापामार कार्रवाई की, जहां से 80 किलो पॉलीथिन जब्त की गई। इस दौरान जानकारी मिली कि इसी दुकानदार के गोदाम में भारी मात्रा में पॉलीथिन का स्टॉक है। नगर पालिका की टीम मागंज स्कूल के पास पहुंची, जहां एक कमरे का ताला खुलवाया गया। वहां से 1400 किलो पॉलीथिन बरामद हुई। बताया गया है कि एक किलो पॉलीथिन बेचने पर 500 रुपये का जुर्माना तय है। इसी आधार पर दुकानदार हिमांशु सिंधी पर 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस बीच दुकानदार के परिचितों ने कार्रवाई का विरोध किया और आरोप लगाया कि शहर में अन्य जगहों पर भी यह कारोबार चल रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दुकानदार द्वारा कुछ कर्मचारियों को हर महीने पैसे दिए जाते थे।

पॉलीथिन पशु और मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक-सीएमओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि पॉलीथिन न केवल पशु बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी बेहद हानिकारक है। इसी वजह से शासन ने अमानक पॉलीथिन की बिक्री पर रोक लगाई है। इसके बावजूद शहर में कई जगहों से पॉलीथिन बिक्री की सूचनाएं मिल रही थीं। इस बार हमने योजना बनाई कि छोटे दुकानदारों के बजाय बड़े कारोबारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि पॉलीथिन की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके।

यहां भी बिक रही है अमानक पॉलीथिन-शहर में बड़े पैमाने पर थोक में अमानक पॉलीथिन बेची जा रही है। बकौली चौराहा, नगर पालिका टाउन हॉल, नया बाजार और उमा मिस्त्री की तलैया के पास पॉलीथिन की बिक्री होती है। यहां से फुटकर दुकानदार रोजाना पॉलीथिन खरीदकर ले जाते हैं।

रेलवे स्टेशन वेंकटनगर के प्लेटफॉर्म में घूमता दिखा भालू

अनूपपुर, देशबन्धु। जिले के अंतिम छोर पर बसे वेंकटनगर क्षेत्र में विगत तीन दिनों से एक भालू देर रात होने पर निरंतर विचरण करने की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई। भालू छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा में दिन में रहते हुए देर रात होने पर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत वेंकटनगर के आसपास आकर विचरण कर रहा हैए भालू के विचरण की सूचना पर वनविभाग आम नागरिकों को सतर्कता बरतने की समझाइए दी गई।

जानकारी के अनुसार 23 नवम्बसर की ररात वेंकटनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में विचरण करते भालू को रेल्वे कर्मचारी एवं नागरिकों ने देखाए जिसका वीडियो भी वायरल किया गया। भालू के विचरण की जानकारी पर वनविभाग के कर्मचारी भालू के विचरण पर नजर बनाए रखते हुए नागरिकों को सतर्कता बरतने तथा किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होने पर वनविभाग को सूचित करने की समझाईस दी जा रही है।

रात की जगह दिन में जगमगाती है बरगवां अमलाई वार्ड-1 की स्ट्रीट लाइट

अनूपपुर, देशबन्धु। नगर परिषद् बरगंवा अमलाई के वार्ड 1 मंदिर पहुंच मार्ग तक स्ट्रीट लाइट को लेकर इस समय समस्यां गंभीर बनी हुई है। दिन के उजाले में तो स्ट्रीट लाइट जगमगाती रहती हैंए लेकिन रात होते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है। समुचित रोशनी न होने से स्थानीय निवासी साथ ही प्रतिदिन रात में आवागमन करने वाले लोगो सहित आमजनों को परेशानी उठानी पड़ती हैए रात में स्ट्रीट लाइट बंद रहने से स्थानीय लोगों को अंधेरे में ही आवागमन करना पड़ता हैए जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। साथ ही समुचित रोशनी न होने से असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा हैए जिससे स्थिति और भी खराब हो रही है। इसके अलावा दिन में लगातार स्ट्रीट लाइट जलने से बिजली की बर्बादी भी हो रही है।

सिलपीडी के जंगल से ठाडपथरा पहुंचा बाघ ट्रैप कैमरे की बदलनी पड़ रही लोकेशन

डिंडोरी, देशबन्धु। जिले के वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर के रंजरा और बंजरा वन ग्राम में तीन दिन डंटे बाघ ने अपना एरिया बदल दिया है। शुक्रवार की सुबह उसका मूवमेंट पश्चिम करंजिया रेंज अंतर्गत वन ग्राम ठाडपथरा के आस-पास रहा है। इस दौरान बाघ ने बस्ती के अंदर सडक़ किनारे एक मवेशी का शिकार कर उसे घसीटते हुए गांव के बाहर ले गया। मवेशी मालिक संभर पिता गुलौआ गौंड निवासी ठाडपथरा ने बताया कि सुबह पांच बजे उसकी बछिया घर के सामने बैठी थी। इसी दौरान बाघ ने बछिया पर हमला कर दिया और घसीट के खेत की तरफ ले गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फारेस्ट टीम ने नुकसानी पंचनामा तैयार करके मुआवजा कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके पूर्व गुरुवार की शाम बाघ सिलपीडी के जंगल मे देखा गया था। कयास लगाए जा रहे हैं कि बाघ सिलपीडी होते हुए ठाडपथरा की तरफ रुख किया है। बाघ की सुरक्षा और क्षेत्र में सतर्कता बरतने आठ आठ घण्टों की पाली में वन अमला

और वन रक्षा समिति सदस्य निगरानी कर रहे हैं। वन अधिकारी भी संजीदगी बरतते हुए वन्यजीवों के मूवमेंट की जानकारी ले रहे हैं। वहीं चार जंगली हाथियों का मूवमेंट पश्चिम करंजिया के वन क्षेत्र में लगातार बना हुआ है। गुरुवार तक चकरार और ठाडपथरा के बाद शुक्रवार को हाथियों के झुंड ने पंडरीपानी के जंगलों की तरफ पलायन किया है। इसके पूर्व जंगली हाथियों ने चकरार गांव में सुंगकू पिता रंगसू, भंवर पिता ज्ञान सिंह गौंड, पंचम पिता नन्हू, प्रमिला पिता नारायण, सुखदेन पिता धनेश्वर और भज्जू पिता जगत गौंड की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

ट्रैप कैमरों की लोकेशन बदली- बाघ के रंजरा से पलायन करके 15 किलोमीटर दूर ठाडपथरा पहुंचने के बाद अब ट्रेप कैमरों को ठाडपथरा में शिकार वाली लोकेशन पर स्थापित किया गया है। इन कैमरों की मदद से बाघ की उम्र, सेहत, आदतें और अन्य शारिरक जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

इनका कहना है

बाघ और हाथियों की मौजूदगी पश्चिम करंजिया रेंज में ही है। बाघ की निगरानी के लिए विशेष दस्ता तैनात किया गया है। बाघ ने ठाडपथरा गांव में मवेशी का शिकार किया है। वन्यजीव की निगरानी के साथ ग्रामीणों को कोई नुकसान न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

प्राची मिश्रा, रेंजर वन परिक्षेत्र पश्चिम करंजिया

2050 किलोग्राम महुआ लाहन कराया नष्ट

दमोह, देशबन्धु। जिला आबकारी अधिकारी दमोह के मार्गदर्शन में वृत्त प्रभारी अनुरोध सेन के द्वारा गत दिवस दमोह शहर के पास मारुताल पॉलीटेक्निक कालेज के पास कुचबंदिया मोहल्ला में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 2050 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर विधिवत् जप्त कर नष्ट किया। कुल 5 प्रकरण आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। अवैध मदिरा की कुल कीमत लगभग 23 हजार रुपए है। साथ ही गश्त के दौरान दमोह जबलपुर बाईपास पर स्थित ढाबों की सघन तलाशी ली गई स इसी क्रम में आज कुचबंदिया मोहल्ले में दबिश देकर लगभग 25 लीटर कच्ची मदिरा एवं 2000 किलो महुआ लाहन जब्त कर 5 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक जगदंबा पांडे, हरिसिंह घुरैया, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया, तपिश हल्वी, अरविंद जाटव, भूपति सिंह, महिला आबकारी आरक्षक गीतांजलि गुप्ता शामिल रहे।

नकारात्मक नहीं, सकारात्मक सोचते हुए आगे बढ़ें : प्रधान जिला न्यायाधीश

दमोह, देशबन्धु। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित यही समय है, सही समय है, कक्षा 9 से 12 तक कॅरियर एवं व्यक्तित्व विकास पर मोटिवेशनल टॉक कार्यक्रम स्थानीय मानस भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद तिवारी, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वल कर किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को पानी से आधी भरी हुई बॉटल का उदाहरण देते हुए कहा यह सत्य है कि यह आधी भरी है और यह भी सत्य है कि आधी खाली है, हमारे ऊपर निर्भर करता है कि हम सकारात्मक सोच लेकर चल रहे हैं या नकारात्मक सोच लेकर। उन्होंने कहा मैं एक व्यक्तित्व हूं मेरे अंदर कुछ अच्छाइयां और कुछ बुराइयां है, यदि आप मेरी बुराईयों को देखेंगे तो आप बुरी चीजों को आत्मसात कर रहे हैं और यदि आप मेरी सकारात्मक चीजों को देखेंगे तो आपको लगेगा कि इनमें गुण ज्यादा है, मुझे भी ऐसे गुण तैयार करने चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा इन बातों को गांठ बांधिये, ये बातें हमारे जीवन के प्रबंधन में बहुत काम आती है। जीवन में हमेशा अच्छे लोगों की संगत करना है अपने आप की तुलना कभी किसी से नहीं करनी है, आप अपने आप में संपूर्ण है। जीवन में नकारात्मक नहीं सोचना है, सकारात्मक सोचते हुए आगे बढ़ना है। सरकारी नौकरी पाना ही जीवन का एकमात्र उद्देश्य नहीं है यदि आपकी व्यक्तिगत इच्छा है, तो उसके लिए प्रयास कीजिये यदि आपने लक्ष्य बनाकर रखा है तो आप सफल भी होंगे। बच्चों को इस भ्रांति में नहीं पढ़ना चाहिए कि सरकारी नौकरी ही सफलता की कुंजी है।

जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान में काफी वृद्धि हुई है, प्रतिर्स्पधा बहुत ज्यादा हो गया है जो क्लास के एग्जाम होते हैं, वह महत्वपूर्ण है, उन्हें नजर अंदाज नहीं किया जा सकता लेकिन सब कुछ वही नहीं है, सरकारी नौकरी पाने के लिए आपको कड़ा प्रतिर्स्पधा फेस करना पड़ता है। इसकी एक्जाम प्रोसेस अलग है, उनकी रिक्वायरमेंट अलग है। उन्होंने कहा अपने व्यक्तित्व का विकास करें, प्राइवेट सेक्टर हो, सरकारी सेक्टर हो चाहे आप कोई बिजनेस करते हैं आपका व्यक्तित्व महत्वपूर्ण है कि आप अपनी बात कैसे रखते हैं, कितने प्रभावशाली तरीके से निर्णय लेते हैं, सफलता बहुत कुछ इन बातों पर निर्भर करती है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा हमारी टैगलाइन है यही समय है, सही समय है, इसके बाद समय आने वाला नहीं है। यदि यह समय निकल जायेगा तो वापिस फिर कभी नहीं आयेगा।

अंधे मोड़ बने हादसों का कारण एक सप्ताह में सात की मौत

अचानक सामने आ जाता है दूसरा वाहन

दमोह, देशबन्धु। जिले का तेंदूखेड़ा ब्लॉक चारों ओर से मुख्य मार्ग से जुड़ा है। इसके अलावा यहां कुछ ऐसे अंधे मोड़ भी हैं, जहां लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में करीब सात लोगों की जान चली गई है और कई लोग घायल होकर जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं। सबसे बड़ा कारण यह है कि अंधे मोड़ पर दूसरी ओर से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता। जैसे ही वाहन सामने आ जाता है, संभलने का मौका नहीं मिलता और हादसा हो जाता है। ऐसा कोई प्रयास प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिससे हादसों पर अंकुश लग सके। यहां होते हैं अधिक हादसे झलोन मार्ग पर नागबाबा सिद्ध क्षेत्र के समीप का मार्ग तारादेही मार्ग पर धनगौर और दरोली के बीच का मुख्य मार्ग इमलीडोल मार्ग पर खखरिया बारह का मुख्य मार्ग दमोह मार्ग पर पाजी और सांगा के बीच का मार्ग जबलपुर मार्ग पर झरौली तिराहे से

लेकर 27 मील के बीच का मार्ग यहां अक्सर घटनाएं होती हैं। बीते एक सप्ताह में कई सड़क हादसे हुए हैं, जिनमें दर्जनों लोग घायल होकर अस्पताल में इलाजरत हैं और करीब सात लोगों की मौत हो गई है। अगर, ये प्रयास किए जाते हैं तो हादसों पर कुछ हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व का कहना है कि इन मार्गों पर सड़क हादसे रोकने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

शहर के वर्तमान बस स्टैंड को परिवर्तित स्थल की दरकार

मंडला, देशबन्धु। युवा चितंक, महाकौशल विकास के कार्यकर्ता गौरव सिंह ठाकुर निवासी खड़देवरा, पदमी चैराहा एवं समाजसेवी कन्हैया ठाकुर ने शासकीय बस स्टेण्ड की स्थापना को लेकर प्रशासन के समक्ष अपने दृष्टिकोंण को निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया है। जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय बस स्टैण्ड मण्डला (क्षेत्र लगभग 01 हेक्टे.) यातायात समस्या से ग्रसित होने पर विस्थापन हेतु जिला प्रशासन द्वारा, अनेक स्थलों पर बस स्टैण्ड स्थापना पर विचार किया जा रहा है।

मंडला जिले की मुख्य नदी नर्मदा में पिछले दशकों में झूला पुल, पीपरपानी पुल, बंजरपुल (निर्माणाधीन) का विकास होने पर, मंडला के दक्षिणोत्तर में स्थित प्लानिंग एरिया के ग्रामों का सीधा संबंध शहर से हो गया है। हाल ही में सैंकड़ों ग्रामीणों की मांग पर जिला मुख्यालय से लगभग 05 कि.मी. की दूरी पर नेशनल हाईवे क्रमांक 30. अवंति बायपास ग्राम खड़देवरी पीपरपानी पर स्थित, शासकीय भूमि, (लगभग क्षेत्रफल 2.89 हेक्टेयर ग्राम सेवा भूमि) पर बस स्टैण्ड का निर्माण प्रशासन के समक्ष विचारणीय है। शहरी क्षेत्र के विस्तार अंतर्गत मण्डला शहर, दक्षिण-पश्चिम से तीन ओर नर्मदा नंदी से घिरा हुआ क्षेत्र है, जिसके कारण पिछले कई वर्षो तक मण्डला शहर का फैलाव उत्तर की ओर जबलपुर रोड में हुआ है, इन क्षेत्रों के अंतर्गत ग्राम बिछिया, लालीपुर, कटरा, बिनैका आदि स्थित

युवा चिंतक, महाकौशल विकास के सदस्यों ने दिए अपने सुझाव

है। पुराने शहर में फतेह दरवाजा से मुख्य बाजार सराफा, बुधवारी का फैलाव नर्मदा नदी से सीमित होने के कारण दक्षिण पार शहर का फैलाव पूर्णतः रूक गया था।

नर्मदा तट पर बने किला घाट, बैद्यघाट एवं रंगरेज घाटों द्वारा आवागमन का साधन सिर्फ बडी नौकाओं द्वारा हुआ करता था। नर्मदा नदी में विगत वर्षो में लगातार 03 बड़े पुल निर्माण से, नदी पार लगे प्लानिंग एरिया के क्षेत्र रामबाग, पुरवा पीपरपानी, सूरजकुंड खड़देवरी ग्रामों का सीधा जुड़ाव, शहर के पुराने मुख्य बाजार बुधवारी, जिला मुख्यालय, एवं महराजपुर (रेल्वे स्टेशन) से हो गया है जिस कारण इन क्षेत्रों में शहरीकरण तीव्र गति से हो रहा है। मुख्य कार्यालय गंतव्य व्यवस्था में उपरोक्त विचारित स्थल से जिला मुख्यालय, जिला न्यायालय, चिकित्सालय, उत्कृष्ठ विद्यालय, रेल्वे स्टेशन महराजपुर, रा.दु.महाविद्यालय, निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, लॉ कालेज, आईटीआई, कृषि मंडी इत्यादि कार्यस्थल, सरल मार्गो से 7-8 कि.मी. की दूरी पर सुगमतापूर्ण पहुंच पर है।

विचारित स्थल, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का खटिया गेट (नागपुर रोड) एवं सरही गेट (रायपुर रोड) लगभग 35 कि.मी., रामनगर मोतीमहल-15 कि.मी., काला पहाड-05 कि.मी., चैगान एवं रानीमहल-16 कि.मी., नर्मदा-बंजर संगम घाट महराजपुर-04 कि.मी., सिद्ध घाट बैनगंगा नदी-35 कि.मी. इत्यादि दर्शनीय एवं ऐतिहासिक स्थलो का केन्द्र बिन्दु है। यह स्थल खुजराहो-बांधवगढ़-चित्रकूट-अमरकंटक-कान्हा नेशनल पार्क पर्यटन लिंक रोड से मात्र 01 कि.मी. की दूरी पर है।

यातायात व्यवस्था के अंतर्गत यह स्थल, जबलपुर, रायपुर, नागपुर, बालाघाट, लखनादौन, डिण्डौरी बिलासपुर सिवनी, घंसौर का जंक्शन है, इन शहरों से आने वाले सभी प्रकार के हल्के, भारी वाहनों का आवागमन, मुख्य शहर के अंदर प्रवेश किये बिना अन्यत्र दिशाओं में सुचारू रूप से संभव हो पावेगा। मंडला शहर का विकास एवं आगामी 25 वर्षो के रोडमेप के दृष्टिगत, व्यापक लोकहित में जन आकांक्षाओ के अनुरूप ''विचारित स्थल, नेशनल हाईवे क्रमांक 30, अवंति बायपास खड़देवरी'' को शासकीय बस स्टैण्ड के रूप में स्थापित करना अति महत्वपूर्ण है।